# अंगना में आओगे कन्हैया तोहे मैं जाने ना दूंगी

अंगना में आओगे कन्हैया तोहे मैं जाने ना दूंगी
जाने ना दूंगी तोहे, जाने ना दूंगी
अंगना में आओगे सावंरिया तोहे मैं जाने ना दूंगी

अंगना मैं आओगे तो माखन मैं खिलाउंगी
माखन मैं खिलाउंगी तोहे मैं रिझाउंगी
माखन की भरी है मटकिया तोहे मैं जाने ना दूंगी

अंगना मैं आओगे तो दही मैं खिलाउंगी
दही मैं खिलाउंगी तोहे मैं रिझाउंगी
दही की भरी है मटकिया तोहे मैं जाने ना दूंगी

अंगना मैं आओगे तो राधा से मिलाउंगी
राधा से मिलाउंगी तोहे मैं रिझाउंगी
संग मैं होंगी सखिया तोहे मैं जाने ना दूंगी

अंगना मैं आओगे तो ग्वालो से मिलाउंगी
ग्वालो से मिलाउंगी, तोहे मैं रिझाउंगी
संग मैं होंगी गैया तोहे मैं जाने ना दूंगी

अंगना मैं आओगे तो सत्संग मैं कराउंगी
सत्संग मैं कराउंगी, तोहे मैं रिझाउंगी
दर्शन मैं हो तेरी सुरतिया तोहे मैं जाने ना दूंगी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/649/title/angnaa-main-aaoge-saawaria

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |